Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to start academic session at Medical College, Dumka, Jharkhand.

श्री सुनील सोरेन (दुमका): अध्यक्ष महोदय, झारखंड राज्य के संथाल परगना प्रमंडल के मुख्यालय में मेडिकल कॉलेज में पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ करना अतिआवश्यक है । झारखंड राज्य का संथाल परगना प्रमंडल अति पिछड़ा हुआ आदिवासी बहुल क्षेत्र है । संथाल परगना की अधिकांश आबादी आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर है । यहां आदिवासी एवं अन्य जाति के मेघावी छात्र-छात्राएं आर्थिक रूप से कमजोर रहने के कारण मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं । साथ ही, इस क्षेत्र में चिकित्सा की समुचित व्यवस्था का घोर अभाव है । दुमका में मेडिकल कॉलेज बन कर पूर्णरूपेण तैयार है । मेडिकल कॉलेज के भवन का भी उद्‌घाटन हो चुका है । वहां सिर्फ पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है । दुमका झारखंड की उपराजधानी है, पर चिकित्सा के दृष्टिकोण से पिछड़ा हुआ क्षेत्र है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जी से मांग करता हूं कि मेडिकल कॉलेज दुमका में पठन-पाठन का कार्य अतिशीघ्र आरंभ किया जाए ताकि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल हो सके ।

माननीय अध्यक्ष : रवनीत सिंह जी, कल जो बोला है, उससे आगे बढ़ा दीजिएगा ।